क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

क्रमांक :– क्षे.का.राप्रनिम–पाली / सामान्य 284 / 1994-1995 दिनांकः 21/08/2024

## खुली निविदा सूचना सं. 01 / 2024–25

क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पाली को वित्तिय वर्ष 2024–25 हेतु दर अनुबंध पर **मानव संसाधन सेवाऐं** उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / सवेंदक जो कि राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवा कर (GST) आय कर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, से डबल कवर सिस्टम के अन्तर्गत मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैः–

| क. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा शुल्क (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 (Four)- कम्प्यूटर मय ऑपरेटर | 8.80 लाख | 500/- | 17600/- | 29/08/2024 (प्रातः 11:00 बजे तक) | 29/08/2024 (दोपहर 02:00 बजे) |
| 2 | 3 (Three)-चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | | | | | |
| 3 | 3 (Three)- सफाई कर्मचारी (अंशकालीन आधारपर) | | | | | |
| 4 | 3 (Three)- सिक्युरिटी मैन | | | | | |
| 5 | 1 (One)-बागवान कर्मचारी (अंशकालीन आधारपर) | | | | | |
| 6 | 1 (One)-वाहन चालक | | | | | |

1. उपरोक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 22 / 08 / 2024 से 28 / 08 / 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है तथा दिनांक 29 / 08 / 2024 को प्राप्तः 11:00 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय, पाली में जमा करा सकते है।
2. निविदा फार्म वेबसाईट से डाउनलोड लिये जाने की स्थिति में निविदा शुल्क की राशि नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट के रूप **MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, PAYABLE AT PALI** के नाम से जारी रसीद अथवा डिमांड ड्राफ्ट (मूल) निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।
3. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट / बैंकर चैंक ही स्वीकार किये जायेंगे, जो कि **REGIONAL OFFICER, RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, PAYABLE AT PALI के नाम से प्रस्तुत करना होगा।**
4. निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्ते विभागीय वेबसाईट https://environment.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
5. इस निविदा की NIB Code- ………………………. वं UBN Code- ……………………… है।

21/08/24

**(राहुल शर्मा)**
**क्षेत्रीय अधिकारी**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–
1. श्रीमान् ए.सी.पी. (आई.टी.सेल), राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि खुली निविदा सूचना सं. 01 / 2024–25 को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे।
2. कार्यालय नोटिस बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, रा. प्र. नि. म. पाली।

21/08/24

**क्षेत्रीय अधिकारी**

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली

*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

## प्रपत्र अ–तकनीकी निविदा (Technical Bid)

*कार्य का नाम– कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ,सफाई एवं बागवान, सिक्युरिटी एवं वाहन चालक कर्मचारी की सेवाऐं किराये पर लिये जाने हेतु*

1. संदर्भ : **क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पाली**

   की बोली सूचना संख्या– ......................दिनांक........................

2. बोलदाता/संवेदक का नाम ..........................................................................................
3. डाक का पता ..........................................................................................

   ..........................................................................................

4. बोलीदाता फोन/मोबाईल नं. ..........................................................................................
5. ई–मेल ..........................................................................................
6. बैंक का नाम ..........................................................................................

   आईएफसी कोड ..........................................................................................

   खाता संख्या ..........................................................................................

7. किसको सम्बोधित किया गया है :– **क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पाली**
8. निविदा बोली शुल्क रूपये : (1) 500/–रू. (पांच सौ मात्र)

   : (2) जमा रसीद संख्या..................दिनांक........

   डीडी क्रमांक............................दिनांक............

   राशि...................(**DD- MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD PAYABLE AT PALI** के पक्ष मे देय होगा।)

9. निविदा बोली प्रपत्र में वर्णित समस्त शर्ते स्वीकार है, तथा उन पर हस्ताक्षर कर दिये गये है।
10. कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/सफाई कर्मचारी/बागवान कर्मचारी/सिक्युरिटी कर्मचारी/वाहन चालक हेतु दरें प्राईस शिड्यूल में अंकित कर दी गई है।
11. बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नलिखित पंजीकरणों का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करनी होगी:–

क्षेत्रीय कार्यालय
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

12. बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नलिखित पंजीकरणों का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करनी होगी:–

| क.सं. | विवरण | रजि.सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता/संवेदक द्वारा किसी केन्द्र/राज्य/स्वायत्त संस्थाऐ/निगम/मण्डल/समिति /आयोग में कम्युटर प्रिन्टर मय प्रशिक्षित कार्मिक/मेनपावर (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/सफाई कर्मचारी/बागवान कर्मचारी /सिक्युरिटी कर्मचारी/वाहन चालक) का कम से कम दो वर्ष तक निरन्तर सफलतापूर्वक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना आवश्यक है। | | | | |
| 2. | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 | | | | |
| 3. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | | |
| 4. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | | |
| 5. | वस्तु एवं सेवाकर (GST) | | | | |
| 6. | आयकर (पैन नंबर) | | | | |
| 7. | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 2013 के अन्तर्गत | | | | |
| 8. | ब्लैक लिस्टेड अथवा डिफॉल्टर नहीं होने संबंधी 50रू. के नॉन ज्यडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र | | | | |
| 9 | प्रामाणित बैंक खाता पासबुक/स्टेटमेन्ट की छायाप्रति | | | | |
| 10 | निविदादाता की वित्तिय स्थिति सुदृढ होने के प्रमाण हेतु बैंक गारन्टी के तौर पर Bank Solvency कम से कम 05 लाख रूपये तक होना आवश्यक है। | | | | |
| 11 | फर्म के पास कम से कम 5 कर्मचारियों/ स्टॉफ की ई.पी.एफ कटौति की ई.एस.आर की प्रति संलग्न करना आवश्यक है। | | | | |

क्षेत्रीय कार्यालय

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली

*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

13. बोलीदाता / संवेदक द्वारा किसी केन्द्र / राज्य / स्वायत्त संस्थाऐ / निगम / मण्डल / समिति / आयोग में कम्युटर प्रिन्टर मय प्रशिक्षित कार्मिक / मेनपावर (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी / सफाई कर्मचारी / बागवान कर्मचारी / सिक्युरिटी कर्मचारी / वाहन चालक) का कम से कम दो वर्ष तक निरन्तर सफलतापूर्वक उपलब्ध करवाये जाने का अनुभव होना आवश्यक है। जिसका निम्नलिखित विवरणनुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर दस्तावेजो की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्केन कर बोली दस्तावेजो के साथ लगाना होगा।

| कम संख्या | विभाग / संस्थान का नाम | उपलब्ध कराये गये कम्पयूटर प्रशिक्षित कार्मिक / मेनपावर (चतुर्थ श्रेणी / सफाई कर्मचारी / बागवान कर्मचारी / सिक्युरिटी कर्मचारी / वाहन चालक) का आदेश विवरण एवं संख्या | उपलब्ध कराये गये कम्युटर प्रशिक्षित कार्मिक / मेनपावर (चतुर्थ श्रेणी / सफाई कर्मचारी / बागवान कर्मचारी / सिक्युरिटी कर्मचारी / वाहन चालक) की समयावधि | संबधित विभाग / संस्थान से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण का अंकन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संवेदक / बोलीदाता द्वारा बोली दस्तावेजों से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर दिये गये है।
15. निविदा खोलने की दिनांक को यदि अवकाश घोषित होता हैं तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जावेगी ।
16. राज्य में दिनांक 26–01–2013 से राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम–2012 व नियम–2013 प्रभावशील हैं । अतः उक्त निविदा पर उक्त अधिनियम व नियम के सभी प्रावधान प्रभावशील होगें ।
17. संलग्न प्राईस शिड्यूल में वर्णित दरें बोली स्वीकृति दिनांक से 31.03.2025 तक मान्य होगी इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढाया भी जा सकेंगा।
18. समस्त न्यायिक मामलों में न्याय क्षेत्र पाली (राजस्थान) होगा ।
19. पूर्व में किये गये कार्य का कार्यादेश / अनुभव प्रमाण पत्र से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
20. मै / हम क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पाली द्वारा जारी की गई खुली बोली आमंत्रण सूचना कमांक......................दिनांक......................में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न बोली दस्तावेजों में दी गई उक्त खुली बोली आमंत्रण सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।

क्षेत्रीय कार्यालय

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली

*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम..............................................

## प्रपत्र–ब वित्तीय निविदा (Financial Bid)

***कार्य का नाम– कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, बागवान कर्मचारी, सिक्युरिटी कर्मचारी एवं वाहन चालक की सेवाऐं किराये पर लिये जाने हेतु***

| क्र. सं. | सेवा का नाम | श्रमिकों को देय पारिश्रमिक जो कि प्रचलित न्यूनतम मजदूरी की दर से कम नहीं होगी। मय संख्या | | | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति दर | EPF दर प्रतिशत | ESI दर प्रतिशत | सामग्री राशि / उपकरण किराया (प्रतिमाह प्रति ईकाई रू) | सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि (प्रतिमाह प्रति ईकाई रू) | कुल राशि रू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (For Office Work) | उच्च कुशल | 8658/– (प्रति कार्मिक) | 04 (चार) | | 13.00% | 3.25% | | | |
| 2 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | अकुशल | 6734/– (प्रति कार्मिक) | 03 (तीन) | | 13.00% | 3.25% | – | | |
| 3 | सिक्युरिटी कर्मचारी | कुशल | 7358/– (प्रति कार्मिक) | 03 (तीन) | | 13.00% | 3.25% | – | | |
| 4 | वाहन चालक | कुशल | 7358/– (प्रति कार्मिक) | 01 (एक) | | 13.00% | 3.25% | – | | |
| 5 | सफाई कर्मचारी अशंकालीन आधार पर | अकुशल | 3679/– (प्रति कार्मिक) | 03 (तीन) | | 13.00% | 3.25% | – | | |
| 6 | बागवान कर्मचारी अशंकालीन आधार पर | अकुशल | 3679/– (प्रति कार्मिक) | 01 (एक) | | 13.00% | 3.25% | – | | |

1. उपर्युक्त तालिका के कम संख्या (1) हेतु स्तम्भ संख्या 5,8,9 एवं 10 में ही बोलीदाता द्वारा समुचित प्रविष्टियां अंकित की जायेगी। स्तम्भ संख्या 3 में दर न्यूनतम मजदूरी की दर से कम नहीं होगी।
2. उपर्युक्त तालिका के कम संख्या 2,3,4,5,6 हेतु स्तम्भ संख्या 5, 9 एवं 10 में ही बोलीदाता द्वारा समुचित प्रविष्टियां अंकित की जायेगी।
3. संवेदक / बोलीदाता द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवाकर (GST) राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी।
4. स्तम्भ संख्या 8 एवं 9 में (0) शुन्य, पैसे एवं (–) ऋणात्मक में राशि स्वीकार नहीं होगी।
5. स्तम्भ संख्या 5 में उल्लेखित की जाने वाली दरे राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरो से कम स्वीकार्य नहीं होगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम..............................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

# निविदादाताओं द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिन मालों/स्टोर्स/उपकरणों/सेवाओ के लिए निविदा दी हैं, उनका मैं/हम बोनाफाईड/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/ सो सेलिंग/ विपणन एजेण्ट/सेवा प्रदाता हैं ।

यदि यहा घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती हैं, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपहृत कर लिया जाएगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया हैं, रद्द कर दिया जाएें ।

**निविदा दाता के हस्ताक्षर मय मोहर**

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

# A. Annexure- General Terms & Condition of Bid & Contract

Important Instruction: - The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, 2012 [hereinafter called the Act] and The Rajasthan Transparency in Public procurement Rules 2013 (hereinafter called the Rules) under the said Act have come into come into force which are available on the website of State Public Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in. Therefore the bidders are advice to acquaint themselves with the provision of the Act and the Rules before participating in the bidding process. If there is any discrepancy between the provision of the Act and Rules and this bidding document the provision of the Act and the Rules shall prevail.

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस सम्बन्ध में वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना परिपत्र, गाईडलाईन आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगें।
2. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार तकनीकी व वित्तीय निविदाओं को अलग–अलग उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द कर, उक्त लिफाफो को एक बडे लिफाफे में बन्द करना होगा। लिफाफों पर "**कम्प्यूटर ऑपरेटर विद मशीन/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/सफाई कर्मचारी/बागवान कर्मचारी/सिक्युरिटी मैन/वाहन चालक कर्मचारी किराये पर लिये जाने हेतु निविदा**" अंकित कर उसे क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय "राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल पाली" को सम्बोधित करते हुए रजिस्टर्ड डाक/साधारण डाक द्वारा या व्यक्तिशः इस प्रकार प्रस्तुत करना होगा कि वह निर्धारित तिथि एवं समय तक कार्यालय में पहुँच जावे।
3. निविदा प्रारूप स्याही/टंकण से ही भरा जायेगा। पेन्सिल से भरी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। दरें शब्दों एवं अंको में अलग–अलग लिखी जावेगी, यदि दरे शब्दो एवं अंको में अलग–अलग दर्शायी जाती है तो राजकीय हित में दोनो में से जो कम होगी, वही दर मानी जायेगी। इसमें कोई त्रुटिया/उपरिलेखन नहीं होगा चाहिये। निविदाओं में किसी भी प्रकार की कटिंग एवं करेकशन स्वीकार्य नहीं होगा।
4. निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अन्त में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।
5. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा फॉर्म के साथ निविदा शुल्क राशि रूपये 500/– नगद अथवा **MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD, PAYABLE AT PALI** के पक्ष में अनुसूचित बैंक में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी, यह राशि NON Refundable होगी। इसके अतिरिक्त बोली प्रतिभूति राशि के निविदा प्रपत्र में साथ प्रस्तुत करना होगा। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं होगा। SPPP पोर्टल से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ भी निविदा शुल्क 500/– रूपये देय होगा। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं होगा।
7. अनुबन्ध पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर नियमानुसार स्टॉम्प लगाने का व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।
8. विवादास्पद मामलों में मण्डल निर्णय अनुसार राशि रोकी जायेगी तथा उस विवाद का निपटारा निविदादाता के पक्ष में होने पर ही उसका भुगतान दिया जायेगा।
9. करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :–

   (अ) बोली आमंत्रण में अंकित सेवा की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश पत्र की दिनांक से अधिकतम 7 दिन मे सेवा के प्रदाय आदेश की रकम की 2.5% (ढाई प्रतिशत) राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति

के रुप में ड़िमान्ड़ ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में **REGIONAL OFFICER, RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD PALI, PAYABLE AT PALI** के नाम पर जमा करानी होगी एवं 500 रुपये के नॉन–ज्यूडिशयल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम निर्धारित एस.आर. प्रारुप 17 मे एक करार पत्र निष्पादन करना होगा।

(ब) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जायेगा।

निविदा प्रपत्र पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर मय सील कर प्रस्तुत करने पर ही निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदादाता की कोई शर्त मान्य नही होगी। किसी भी विवाद की स्थिति में निविदा कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

10. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व तथा श्रम विभाग द्वारा समय–समय पर निर्धारित न्यूनतम मजूदरी दरो के अनुसार अनुबंधित कार्मिकों को भुगतान करने का दायित्व संबंधित निविदादाता/ठेकेदार का होगा। ठेकेदार द्वारा कार्यालय में अनुबंधित कार्मिको को श्रम विभाग राजस्थान सरकार की नवीनतम अधिसूचना में निर्धारित दर से कम पर भुगतान नहीं होगा, यदि राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम दरे बढाई जाती है तो क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निविदादाता/ठेकेदार को बढी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
11. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाता/संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली मे भाग लेने हेतु अर्हत होंगें। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रुप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। कार्य का अनुभव रखने वाली (अनुभव संबंधी दस्तावेज संलग्न किया जावे) पंजीकृत फर्म / व्यक्तियो द्वारा ही निविदाएं भरी जावेगी। फर्म होने की दशा में पंजीकरण की प्रति निविदा के साथ संलग्न होने पर ही निविदा स्वीकार की जावेगी।
12. निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता/द्वारा नियोजित श्रमिको को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रुप से उनके बैंक खातों मे ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते मे जमा कराई गई राशि का विवरण इस कार्यालय को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रुप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातो मे जमा कराई गई राशि के विवरण से अद्योहस्ताक्षरकर्ता की संतुष्टि पर ही निविदादाता/संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
13. निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और निविदादाता/संवेदक का अंशदान शामिल होगा। निविदादाता/संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिको के ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही निविदादाता/संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा। ठेकेदार/फर्म द्वारा प्रस्तुत किए गए बिलो से वैधानिक कटौतियां एवं टी.डी.एस. व अन्य टैक्स की वसूली नियमानुसार की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की स्वयं की होगी।
14. निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि अतिरिक्त रुप से देय होगी। सभी प्रकार के करो को जमा करवाने की जिम्मेदारी निविदादाता/संवेदक की ही होगी। निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा गत माह में जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रुप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) राशि की जमा कराने के प्रमाण स्वरुप चालान की प्रति प्रस्तुत नही किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (GST) का भुगतान नही किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के सबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उतरदायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा।

15. निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड लगाये जायेगे, जिन पर निविदादाता/संवेदक का नाम, संविदा अवधि, कार्य की प्रगति, श्रमिको हेतु हेल्पलाईन नम्बर एवं निविदादाता/संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नही करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रुप से अंकित किया जाएगा। ठेके पर उपलब्ध कराये जाने वाले कर्मियों की सूची नाम, पते सहित सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत की जावेगी तथा समय समय पर ठेके कर्मियों के परिवर्तन किये जाने/हो जाने की दशा में क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करना होगा। प्रत्येक कर्मचारी के आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड , वोटर आई. डी. एवं आयु प्रमाण–पत्र तथा कार्यालय में प्रस्तुत करने होगें।
16. श्रम विभाग के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र /राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में इसके परिणामों/दायित्वो के लिये निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता स्वयं उतरदायी होंगे।
17. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिको के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उतरदायी होगा।
18. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के सम्बन्ध/संदर्भ में किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने /ई.एस. आई करवाने/सामुहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता का होगा, इसके लिए उपापन संस्था (इस कार्यालय/विभाग) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
19. यदि निविदादाता/संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नही किये जाने की शिकायत उपापन संस्था (इस कार्यालय/विभाग) को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस सम्बन्ध में श्रम विभाग को अनिवार्य रुप से सूचित करेगी और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता को Debar करने की कार्यवाही करेगी।
20. यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मध्यनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृत करा रखी हो तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नही करते हुए इस पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा।
21. कर्मचारियों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारन्टी नही दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी या उपाप्त नही करने की स्थिति में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नही होगा। कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि होने पर अनुबंधित निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर कार्मिक उपलब्ध करवाना होगा।
22. अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा दर संविदा के चालू होने रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए उनकी कीमत को कम करता है तो उस संविदा के अधीन, कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः इस कार्यालय में कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जायेगी।
23. ठेकेदार को मासिक भुगतान संतोषप्रद कार्य होने पर किया जाएगा। कार्यसम्पादन के संतोषप्रद होने का मापदण्ड इस कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी का होगा। क्षेत्रीय अधिकारी को अधिकार होगा कि अनुबंध की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकें इस बारे में अनुबंधकर्ता किसी भी हर्जे खर्जे की मांग नहीं कर सकेगा। किसी शिकायत अथवा ठेकेदार की लापरवाही पर क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उचित कटौती कर भुगतान किया जा सकेगा, अधिक शिकायत होने पर कटौती में वृद्धि की जा सकती है। कार्य के अत्यधिक असंतोषप्रद होने पर या फर्म द्वारा इसमें सुधार न करने की स्थिति में क्षेत्रीय अधिकारी अन्य संविदा कर्मियो को लगाकर उनसे कार्य करवा लिया जावेगा, जिसका खर्चा ठेकेदार के

बिल से काट लिया जावेगा एवं सात दिवस के नोटिस से अनुबन्ध को निरस्त भी किया जा सकता है। ठेकेदार द्वारा किसी भी शर्त का उल्लंघन किया जाता है या प्रशासन के निर्देशो की पालना नही की जाती है तो अनुबंध भंग करना माना जावेगा तथा ऐसी स्थिति में ठेका समाप्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, पाली को होगा।

24. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को नही सौपेगा या भाडे (Sub-let) पर नही देगा।
25. विभाग किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर सकता है। विभाग के लिये न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी।
26. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी वह 7 दिन मे कार्मिक उपलब्ध करवायेगा।
27. मूल्यांकन की कसौटी–बोलीदाता/संवेदक की न्यूनतम कीमत के आधार पर वित्तीय बोली/क्वालिफाईड बिड का मूल्यांकन किया जावेगा।
28. बोली का अपवर्जन (Exclusion):– राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 25 मे उल्लेखित आधार पर बोली को अपवर्जित किया जा सकेगा।
29. कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का समपहरण (Forfeiture of Work Performance Security Deposit):–
    कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का पूर्ण या आंशिक रुप से निम्नांकित मामलों मे समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगा:–
    (क) जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।
    (ख) जब बोलीदाता सम्पर्ण सेवा सप्लाई सन्तोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।
    (ग) जब बोलीदाता सेवा सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में सेवा की सप्लाई आरम्भ करने मे असफल रहता हो। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जाऐगा। इस संबंध में उपापन संस्था (इस कार्यालय/विभाग) का निर्णय अंतिम होगा।
30. भुगतानः–
    (i) सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारुप में बिल प्रस्तुत करने पर नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। अनुबंधित बोलीदाता द्वारा प्रत्येक माह का बिल भुगतान हेतु आगामी माह के प्रारम्भ के 03 कार्य दिवस मे प्रस्तुत किया जावेगा। विलम्ब से बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान मे होने वाले विलम्ब के लिए अनुबंधित बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।
31. निविदादाता द्वारा लगाये गये कार्मिको को निविदादाता द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान कार्ड लगाना पहनना आवश्यक होगा। निविदादाता द्वारा लगाये गये कर्मचारियो हेतु निविदादाता स्वयं उतरदायी होगा।
32. ठेकेदार की ठेका अवधि के दौरान संविदा पर कार्यरत सभी संविदाकर्मियां की कार्यालय परिसर में उसकी ड्यूटी के दौरान एवं ड्यूटी पर आने जाने के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इसके लिए मण्डल उतरदायी नही होगा। इस निविदादाता अपने स्तर पर कामगारों को आवश्यक व उचित रूप से बीमा करवाने का बाध्य होगा।
33. कर्मचारी द्वारा कार्य न करने, ताश खेलना, कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने, धुमपान–गुटका–पान–शराब एवं किसी भी प्रकार का व्यसन लेने तथा अनपेक्षित आचरण एवं अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर सभी प्रकार की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
34. स्वीकृत ठेके की अवधि का अंकेक्षण के दौरान यदि अंकेक्षण दल द्वारा आपके विरूद्ध किसी भी तरह की बकाया निकाली जाती है तो उसे जमा करने हेतु बाध्य रहेगें।
35. सफल निविदादाता द्वारा पूर्व में कार्य व्यवहार मे दोषी पाये गये कार्मिको को नहीं रखा जायेगा तथा इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय की पूर्व सहमति आवश्यक होगी।
36. क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ठेकेदार के संविदा पर लगे कर्मचारियो के बिलो के भुगतान में अगर किसी कारणवश देरी होती है तो भी कर्मचारियो को समय पर भुगतान की समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की अपनी होगी। कर्मचारियो को

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

ठेकेदार द्वारा हर माह की 7 तारीख तक भुगतान किया जायेगा। देरी से भुगतान करने पर 500/– प्रतिदिन के हिसाब से क्षेत्रीय कार्यालय में शास्ति पैनेल्टी की राशि जमा करवानी होगी।

37. कर्मचारी कार्य के दौरान सोते हुए पाये जाने पर या कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर भुगतान काटा जायेगा। तथा ठेकेदार से पैनेल्टी के रूप में 500 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान काटा जायेगा।
38. अगर ठेकेदार अपना कार्य निश्चित अवधि के बीच में छोडता है व कर्मचारियो को भुगतान नहीं करता है या कार्य संतोषजनक नहीं करने पर उसको इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार इस ठेके से हटाया जा सकता है तो उसके द्वारा अमानत राशि के स्थान पर उल्लेखित घोषणा पत्र अनुसार कार्यवाही कर कार्य सम्पादन राशि जब्त कर ली जायेगी। ऐसी स्थिति में उसकी समस्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त करने व अन्य सफल निविदाओ में से जिसकी दर न्यूनतम एवं उचित होगी, उसे ठेका देने का अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय पाली को होगा।
39. न्यूनतम निविदा दरे एक से अधिक निविदादाताओं की समान प्राप्त होने की स्थिति में :–
न्यूनतम दर के साथ निविदा की दरो की व्यवहारिकता उसके पूर्व में किये गये कार्यो का अनुभव और उसके पंजीयन की प्रमाणिकता आदि को भी ध्यान में रखा जायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय की उपापन समिति स्वविवेक से परीक्षण कर इस कार्य हेतु पात्र संस्थाऐं, कार्य करने की क्षमता, स्थानीय परिस्थितियों, कार्य अनुभव आदि को मद्देनजर रखते हुए उपापन समिति की सुविधानुसार गुणावगुण के आधार पर किसी भी न्यूनतम दर दाता की निविदा स्वीकृति का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। इस संबंध में कोई वाद विवाद स्वीकार नही होगा और न ही क्षेत्रीय कार्यालय की उपापन समिति अन्य निविदादाताओं को इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण देने के लिए बाध्य होगी।
40. निविदादाता द्वारा स्वस्थ एवं शारीरिक व मानसिक रूप से पूर्णतया फिट 18 से 60 वर्ष की उम्र के व्यक्तियों को ही लगाया जायेगा। 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति का निविदादाता द्वारा नियोजन नही किया जायेगा।
41. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही होगी।
42. उक्त निविदा में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता पाली जिले को प्राथमिकता दी जायेगी।
43. उक्त निविदा में निविदादाता/संवेदक/बोलीदाता द्वारा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में एक वर्ष की सन्तोषजनक सेवा को प्राथमिकता दी जायेगी।
44. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी, राराप्रनिम, पाली को होगा।
45. निविदादाता की वित्तिय स्थिति सुदृढ होने के प्रमाण हेतु बैंक गारन्टी के तौर पर Bank Solvency कम से कम 05 लाख रूपये तक होना आवश्यक है।
46. निविदादाता स्वयं /उसके द्वारा लगाये गये कार्मिको के संबंध में समस्त कानूनी दायित्व/श्रम कानून के पालना की जिम्मेदारी निविदादाता की रहेगी।
47. किसी भी विवाद के समय क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, पाली का निर्णय अंतिम होगा, जो पूर्णतया मान्य एवं मंजूर होगा।
48. उपर्युक्त शर्तो में किसी भी शर्त में शिथिलता देने या हटाने या नई शर्तो को जोडने का पूर्ण अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रंण मण्डल, पाली को होगा। बोली के निर्वचन के सम्बन्ध में किसी प्रकार की समस्या/संदेह हो तो कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील
नाम.........................................
मोबाईल नं..................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

## कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) की सेवायें किराये पर लेने हेतु मांगी जाने वाली निविदा के लिये शर्तेः–

1. **शैक्षणिक योग्यता** :–
   (i) कम्प्यूटर ऑपेरटर को विडोंज/लाईनेक्स एन्वायरमेंट ओपरेटिंग सिस्टम का ज्ञान, वर्ड प्रोसेसर, स्प्रेड शीट व इंटरनेट का ज्ञान /अनुभव एवं कार्यालय संबंधी कार्यों का निष्पादन हेतु कम्प्यूटर का कार्य करने तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी की टाईपिंग में दक्ष होना आवश्यक है।
   (ii) कम्प्यूटर ऑपेरटर की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक/स्नाकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है।
   (iii) कर्मी स्वस्थ एवं न्यूनतम 18 वर्ष का होना चाहिये।

2. **मशीनों का विवरण** :–
   निविदादाता द्वारा स्थापित की जाने वाली मशीनों का निम्नानुसार या इससे उच्च श्रेणी में होना आवश्यक है।
   (i) **Computer**-Intel Core i3/Equivalet AMD based computer or higher speed RAM 2/4 GB OR higher, Hard disk 250GB or more 15'' Monitor/TFT or biggar 10/1001000Mbps Lan card, cd/DVD writer standards keyboard, optical mouse, standard serial, parallel & USB Ports Windows 7 or higher, Anti Virus, Preinstalled MS office, responsibility of software license will be borne by the contractor.
   (ii) **Printer**:-Black and White laser printer with speed 15ppm or more, for specific needs, Do matrix/inkjet printer may be taken in lieu of laser printer.
   (iii) **UPS**:- Online/Offline UPS for abve Computer and printer with 30 minutes battery backup.
3. यदि कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवाये संतोषप्रद नहीं पायी जाती है तो निविदादाता को तुरंत इसके स्थान पर नया कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाना होगा।
4. कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) पर कार्य करने वाले कर्मी हेतु प्रतिदिन 9.30 बजे से सांय 6.00 बजे तक कार्य संपादित करना होगा एवं इस अवधि को एक दिन का कार्य दिवस माना जावेंगा। कार्य दिवस एवं कार्य समय राज्य सरकार द्वारा समय समय पर परिवर्तन किये जाने पर तदानुसार मान्य होगा।
5. कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन (मैन विद मशीन) की संविदा पर उपलब्ध कराने हेतु शेष अन्य शर्ते वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी परिपत्र F2-(1)SPFC/2017 Dated 30-04-2018 के अनुरूप होगी।
6. यह कि किसी माह में चार कार्य दिवस अधिक कम्प्यूटर बंद नहीं रखा जावेगा यह भी पूर्व में सूचना देकर किया जावेगा इससे अधिक समय तक कम्प्यूटर बंद रहने तक चाहे ऑपरेटर की गैर हजारी के कारण या अन्य किसी भी खराबी के कारण हो तो प्रतिदिन नियमानुसार कटौती की जावेगी।

7. यदि कम्प्यूटरों की चोरी या किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी इस विभाग की नहीं होगी। अतः निविदादाता चाहे तो उपकरणों का बीमा करवा सकता है।
8. कार्यालय में कार्य की आवश्कयता को देखते हुये किसी भी दिन किसी भी समय ऑपरेटर को कार्य करना होगा इसके लिए अलग से कोई मानदेय भुगतान नहीं किया जायेंगा।
9. कोई भी कम्प्यूटर ऑपरेटर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेगा और यदि वह अनुपस्थित रहता है तो निविदादाता को उसके स्थान पर किसी अन्य योग्य कम्प्यूटर ऑपरेटर को कार्यालय में भिजवाना अनिवार्य होगा।
10. कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारंटी नही दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी यो उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नहीं होगा।
11. कम्प्यूटर ऑपरेटर के कार्य का अनुभव रखने वाली पंजीकृत संस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम............................................

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एस–ए–6, मण्डिया रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, पाली
*Phone No. 02932-231616 Email address-rorpcb.pali@gmail.com*

## –: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवायें किराये पर लेने हेतु मांगी जाने वाली निविदा के लिये विशिष्ट नियम एवं शर्तें:–

1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को प्रतिदिन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्यालय समयानुसार ड्यूटी देनी होगी। कार्यालय में कार्य की आवश्यकता को देखते हुए किसी भी दिन किसी भी समय कार्य करना होगा तथा इसके लिए अलग से कोई मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।
